हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

13 'बसंत पंचमी' ज्ञान, विद्या और सृजनशीलता का प्रतीक : पूनम



14 वकीलों के धरने को लेकर इनेलो नेता ने दिया समर्थन...



## खबर संक्षेप

### आज से लगातार चार दिन सरकारी दफ्तर रहेंगे बंद

**फतेहाबाद।** वर्ष 2026 के पहले माह जनवरी में ऐसा पहली बार होगा कि लगातार 4 दिन सरकारी कार्यालयों में अवकाश रहेगा। शनिवार को छोडक़र निजी व सरकारी स्कूलों में भी अवकाश रहेगा। इन चार दिनों के बाद मंगलवार को ही सरकारी दफ्तर खुलेंगे। शुक्रवार को बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती है। हालांकि बसंत पंचमी पर छुट्टी नहीं होती लेकिन सुभाष चन्द्र बोस की जयंती होने के कारण आज शुक्रवार को सरकारी अवकाश रहेगा। शनिवार व रविवार को सरकारी कार्यालयों में अवकाश रहता है।

### म्यांमार में फ्रॉड करवाने के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** विदेश में नौकरी का झांसा देकर युवाओं को म्यांमार में बंधक बनाने और उनसे जबरन साइबर ठगी करवाने वाले गिरोह के एक और मुख्य सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रीत निवासी गुजरात के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक सन्दीप ने बताया कि इस बारे में भूना के गांव धौलू निवासी राहुल और अंकित तथा काताखेड़ी निवासी अमरदीप सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी।

### बाल भवन में पीएम विश्वकर्मा मेला आज से

**सिरसा।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए भव्य प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन होगा। बाल भवन में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय मेले की शुरुआत आज से होगी और यह मेला 25 जनवरी तक चलेगा। अब तक मेले में 50 से भी अधिक कारीगरों और शिल्पकारों को स्टॉल अलॉट किए जा चुके हैं। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहाँ उन्हें पहचान मिल सके और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बढ़ सके।

### टास्क फ्रॉड मामले में दिल्ली से महिला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अध्यापिका से टेलीग्राम टास्क और ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने दिल्ली से एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान निशु शर्मा पुत्री बालकिशन शर्मा निवासी जनकपुरी, दिल्ली के रूप में हुई है।

### सीआईए ने हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**टोहाना।** सीआईए टोहाना ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि एसआई जग्गा सिंह टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नया बाईपास टोहाना-डांगरा रोड टी-प्वाइंट पर दबिश दी गई। मौके पर एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और तेज कदमों से जाने लगा, जिसे शक के आधार पर काबू कर पूछताछ की गई।

### दो महिलाएं नशा व्यवसाय के मामले में गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नशा व्यवसाय से जुड़े मामले में गुरूनानकपुरा मोहल्ला की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान छिंदोबाई पत्नी जंगी सिंह और प्रेमजीत पत्नी अनुप सिंह के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में 6 अन्य आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि इस बारे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक और भाजपा नेता भवानी सिंह निवासी गांव बोसवाल ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

# श्री श्याम मंदिर में आज वितरित होगा चमत्कारी 'बागा'

## मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा के किए पुख्ता प्रबंध, हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा का खजाना लेने के लिए उमड़ेंगे

### इस बार बसंत पंचमी पर बन रहा शुभ योग का संयोग, छात्रों के लिए लाभकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

माघ माह की पंचमी पर ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती का पर्व बसंत पंचमी आज धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के सभी मंदिरों के साथ-साथ विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में सरस्वती पूजन किया जाएगा। बसंत पंचमी का विशेष धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व होता है। इस दिन विधि-विधान से मां सरस्वती की पूजा करने का विधान है। मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से ज्ञान, बुद्धि और कला में वृद्धि होती है। इसके साथ ही बसंत पंचमी से बसंत ऋतु के आगमन की भी शुरुआत मानी जाती है। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि इस बार बसंत पंचमी और भी खास रहने वाली है, क्योंकि इस दिन विशेष शुभ योग बन रहा है, जो खासतौर पर छात्रों के लिए लाभकारी माना जा रहा है। पंचांग के अनुसार माघ शुक्ल पंचमी तिथि की शुरुआत 22 जनवरी, गुरुवार गुरुवार रात 2:29 बजे से हो चुकी है और तिथि का समापन रात 1:47 बजे पर होगा। शास्त्रों के अनुसार उदयातिथि मान्य होने के कारण बसंत पंचमी आज के दिन मनाई जाएगी है। इसी दिन मां सरस्वती की पूजा की जाएगी।

#### सरस्वती पूजा का शुभ मुहूर्त



पंडित सोनू शर्मा के अनुसार बसंत पंचमी के दिन सुबह 9:53 बजे से 11:13 बजे तक सरस्वती पूजा का श्रेष्ठ मुहूर्त रहेगा। इस दौरान लोग घर, स्कूल, कॉलेज और कार्यस्थल पर मां सरस्वती की पूजा करते हैं। पूजा में मां को सिंदूर, श्रृंगार सामग्री, गुलाल आदि अर्पित किए जाते हैं और ज्ञान व बुद्धि की प्राप्ति की कामना की जाती है। इसके साथ ही बसंत पंचमी के दिन सुबह 8:33 बजे से 11:13 बजे तक का समय शिक्षा आरंभ, विद्यारंभसंस्कार और नए अध्ययन कार्य शुरू करने के लिए अत्यंत शुभ रहेगा।

#### बन रहा है शुभ गजकेसरी योग

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि 23 जनवरी को चंद्रमा का गोचर मीन राशि में होगा, वहीं चंद्रमा से चतुर्थ भाव में गुरु की स्थिति के कारण गजकेसरी योग का निर्माण हो रहा है। गुरु ज्ञान के कारक ग्रह माने जाते हैं और उनकी राशि में चंद्रमा का यह संयोग अत्यंत शुभ माना जाता है। यह योग विशेष रूप से विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों और शिक्षा से से जुड़े लोगों के लिए लाभकारी रहेगा।



**फतेहाबाद।** श्री श्याम मंदिर में वितरित होने वाला चमत्कारी बागा।

#### लोगों से समय पर पहुंचने की अपील

**फतेहाबाद।** सभी श्याम भक्तों के लिए खुशखबरी है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 जनवरी यानि आज मेन बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में भव्य बसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शाम 5:15 बजे बाबा की आरती के बाद भक्तों के लिए बाबा श्याम का चमत्कारी 'बागा' यानि पितांबरी वस्त्र और खजाना बांटा जाएगा। इस दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु बागा लेने के लिए श्याम मंदिर में उमड़ते हैं। ऐसे में मंदिर प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मंदिर प्रशासन ने भक्तों से अपील की है कि जो भी श्याम प्रेमी बाबा का खजाना प्राप्त करना चाहते हैं, वह समय से मंदिर पहुंचें। मंदिर परिसर में सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए केवल दुपहिया वाहनों को प्रवेश की अनुमति होगी। इसलिए सभी भक्तों से अनुरोध है कि वे अपने वाहन के रूप में बाइक या स्कूटी ही लाएं और व्यवस्थाओं में सहयोग करें।

## भट्टू पंचायत समिति अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

# पूर्व विधायक की राजनीति: 'बगावत' करवा 'बगावत' का लिया बदला

*21 में से 18 सदस्यों ने खिलाफ में डाले वोट*

*लघु सचिवालय में बैठक के बाद ज्योति लूणा को पद से हटाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी दुड़ाराम का विरोध करना भट्टू पंचायत समिति अध्यक्ष ज्योति लूणा को भारी पड़ गया है। एक बार फेल होने के बाद दूसरी बार पूर्व विधायक दुड़ाराम ने चेयरपर्सन को हटाने के लिए पूरा जोर लगाया और आखिरकार उन्हें कामयाबी मिली। अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर एडीसी अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय में मीटिंग हुई। मीटिंग में कुल 21 में से 18 सदस्य पहुंचे और इन सभी ने ज्योति लूणा के खिलाफ वोट दिया। इसके बाद उन्हें अध्यक्ष ज्योति लूणा पद से हटा दिया गया। अध्यक्ष के खिलाफ बगावत के पीछे पूर्व विधायक दुड़ाराम की रणनीति मानी जा रही है। उन्होंने सदस्यों से 'बगावत' करवा अपने साथ विधानसभा चुनावों में 'बगावत' करने वाली अध्यक्ष को हटवा दिया है। बता दें कि ज्योति लूणा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग को लेकर 13 जनवरी को पंचायत समिति भट्टू के कुल 21 सदस्यों में से 17 सदस्यों ने एकजुट होकर एडीसी अनुराग ढालिया से मुलाकात की थी। इन सदस्यों ने अध्यक्ष ज्योति लूणा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर जल्द बैठक बुलाने की मांग रखी थी। अविश्वास प्रस्ताव देने वालों में वाइस चेयरमैन बंसी लाल, सदस्य अनु सरबटा, कविता, विनोद गुज्जर, प्रवीन गोदारा आदि शामिल थे।



**फतेहाबाद।** अध्यक्ष को हटाने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष से मिलते भट्टू पंचायत समिति सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### पहले भी हटाने की हुई थी कोशिश

विधानसभा चुनावों में पूर्व विधायक दुड़ाराम की खिलाफत करने वाली अध्यक्ष ज्योति लूणा को हटाने के लिए साल 2024 में भी कोशिश की गई थी। उस समय ज्योति अपनी कुर्सी बचाने में सफल हो गई थी। 31 दिसंबर 2024 को अविश्वास प्रस्ताव पर हुई मीटिंग के दौरान सिर्फ ज्योति अकेली ही पहुंची थी। इस कारण उस दौरान उनके खिलाफ बहुमत साबित नहीं हो पाया था। एक बाद फिर सदस्य उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए और अब उन्हें कुर्सी से हाथ धोना पड़ा।

#### दुड़ाराम ने ही बनाया था अध्यक्ष

दरअसल, ज्योति लूणा को साल 2022 में तत्कालीन बीजेपी विधायक दुड़ाराम ने ही अध्यक्ष बनाया था, मगर धीरे-धीरे दोनों के बीच खटास आ गई। 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान ज्योति लूणा के परिवार ने दुड़ाराम से बगावत कर दी। वह खुले तौर पर कांग्रेस प्रत्याशी बलवान दौलतपुरिया के समर्थन में उतर गए। इससे भट्टू क्षेत्र में दुड़ाराम को नुकसान उठाना पड़ा और विधानसभा चुनाव में दुड़ाराम हार गए। इसके बाद से ज्योति लूणा को कुर्सी से हटाने की कोशिशें शुरू कर दी गई।

#### अध्यक्ष को हटाने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले सदस्य

*भट्टू पंचायत समिति में अध्यक्ष ज्योति लूणा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की सफलता के बाद अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले वाइस चेयरमैन बंसी लाल, सदस्य अनु सरबटा, कविता, विनोद गुज्जर, प्रवीन गोदारा, प्रवीन तरड़, राजेश धतरवाल, राजेश शर्मा, नरेश राड़, गोविंद भादू, सुनीता दैय्यड़, बिस्पति देवी, सुरेश कला, उर्मिला सिंवर, सतीश कुमार, विजेंद्र सिंह व मनीता रानी ने भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचकर जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा से विशेष मुलाकात की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा इस अविश्वास प्रस्ताव की सफलता के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भट्टू क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए यह अविश्वास प्रस्ताव सफल होना बहुत जरूरी था।*



**टोहाना।** मेडिकल स्टोर पर जांच करते ड्रग्स इंस्पेक्टर व पुलिस टीम। *फोटो: हरिभूमि*

#### मेडिकल हाल किया सील

## बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयां बेचता मिला 20 साल का लड़का

- मेडिकल नशे की बिक्री रोकने के लिए ड्रग्स इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरों पर की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

जिले में मेडिकल नशा बेचने वाले मेडिकल दुकानदारों की धरपकड़ को लेकर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग एक्शन में है। इसी कड़ी में थाना शहर टोहाना पुलिस द्वारा नशा व नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से आज टोहाना शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने ड्रग्स इंस्पेक्टर के साथ संयुक्त रूप से विभिन्न मेडिकल स्टोरों की जांच की तथा दवाइयों की बिक्री संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान रेलवे रोड कंवर सैन चौक, टोहाना स्थित जनता मेडिकल हाल में एक 20 साल का लड़का बिना डॉक्टर की पर्ची दवाईयां बेचते मिला, जिस पर टीम ने मेडिकल हाल को सील कर दिया है।



**टोहाना।** मेडिकल स्टोर को सील करवाते अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### की कार्रवाई

पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने गुरूवार को टोहाना में मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर जांच पड़ताल की। इस दौरान रेलवे रोड कंवर सैन चौक, टोहाना स्थित जनता मेडिकल हाल की जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की। उक्त मेडिकल हाल की चेकिंग डीसीओ झज्जर प्रतिभा यादव द्वारा की गई, जिसमें दुकान में कई प्रकार की कमियां सामने आई। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि जनता मेडिकल हाल, रेलवे रोड टोहाना के संचालक की पहचान रजत पुत्र सुरेंद्र निवासी अनाज मंडी, टोहाना के रूप में हुई। चेकिंग के दौरान कोई नशीली दवाइयां बरामद नहीं हुई, लेकिन मेडिकल स्टोर पर नियमों की अनदेखी करते हुए बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयां बेचे जाने की शिकायत सही पाई गई।

## सड़क बनाने की मांग, जताया रोष

- 10 महीनों से बंद है एक साइड की सड़क, हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

बरसाती पानी की निकासी के लिए उखाड़ी गई जनता भवन रोड दुकानदारों व राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। जनता भवन रोड के दुकानदारों ने वीरवार को इकट्ठा होकर प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है कि जल्द से सड़क की समस्या का समाधान किया जाए अन्यथा मजबूरन उन्हें प्रदर्शन करना पड़ेगा। दुकानदार लखविंदर सिंह ने बताया कि जनता भवन रोड पर बरसाती पानी की निकासी के लिए मई 2025 में रोड की एक साइड की खुदाई करके पाईप लाईन डाली गई थी। पाइप लाइन का कार्य पूरा होने के बावजूद भी 10 महीनों से सड़क की एक साइड बंद है। जगदेव सिंह चौक से लेकर अनाज मंडी तक जनता भवन रोड की एक साइड बंद होने की वजह से रोजाना हादसे हो रहे हैं। सडक़ की खस्ता हालत के चलते कल एक बुजुर्ग महिला गिरकर बेहोश हो गई थी, जिसको आस पड़ोस के दुकानदारों ने उठाकर उसकी जान बचाई। ऐसे हादसे रोजाना हो रहे हैं।



**सिरसा।** सड़क बनाने की मांग को लेकर रोष जाहिर करते दुकानदार।

## बालक के अपहरण का प्रयास, घटना सीसीटीवी में कैद

- अज्ञात व्यक्ति ने बच्चे को कंबल से ढकने की कोशिश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

शहर में बस स्टैंड के सामने स्थित कॉलोनी में 10 वर्षीय बच्चे के अपहरण का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि एक अज्ञात व्यक्ति बच्चे को कंबल से ढकने की कोशिश करता है लेकिन लेकिन बच्चा वहां से भागने में सफल रहता है। परिजनों ने इस संबंध में गुरूवार को शहर पुलिस को शिकायत दी है और कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार कालोनी निवासी इशाल गोयल का 10 वर्षीय भाई भावेश घर के पास ही स्थित एक मिल्क डेयरी से लस्सी लेने के लिए गया था। इसी दौरान एक व्यक्ति जिसने कंबल से मुंह ढका हुआ था, पीछे से भावेश के पास आया और उस पर कंबल डालकर उसके अपहरण की कोशिश की।





**टोहाना।** बालक के अपहरण की कोशिश करता व्यक्ति व मौके पर पूछताछ करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### भावेश ने भागकर बचाई जान

इस पर भावेश ने तत्परता दिखाते हुए वहां से भागकर अपनी जान बचाई। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया। बाद में भावेश ने घर जाकर परिजनों को सारी बात बताई। इस पर परिजनों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। भावेश के पिता राजेन्द्र का कहना है कि रात को उनके बेटे के अपहरण का प्रयास किया गया था। सारी घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उन्होंने पुलिस से आरोपी को जल्द काबू करने की मांग की है ताकि भविष्य में वह ऐसी हरकत न कर सके।

### डॉग स्क्वॉड टीम तथा कमांडो टीम ने भी विशेष रूप से भाग लिया

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट सार्वजनिक स्थानों पर की चेकिंग

अप्रिय घटना को रोकने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना उद्देश्य : कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए टोहाना पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, अदालत परिसर तथा एसडीएम कार्यालय सहित शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा जांच की गई और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। चेकिंग अभियान में डॉग स्क्वॉड टीम तथा कमांडो टीम ने भी विशेष रूप से भाग लिया। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस टीम द्वारा संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में व्यापक चेकिंग की गई।



**टोहाना।** गणतंत्र दिवस को लेकर रेलवे स्टेशन पर जांच करती पुलिस टीम।

#### आमजन से सहयोग की अपील

साथ ही कमांडो टीम द्वारा सुरक्षा दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर सतर्कता रखते हुए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर सतर्कता बरतने, अफवाहों से बचने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया गया।

## बिजली कर्मियों ने की भूख हड़ताल, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की मांग

**टोहाना।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता के कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल की। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यूनियन के कर्मचारियों ने 21 मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं, तो 12 फरवरी को बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा, जिसे अनिश्चितकाल के लिए भी बढ़ाया जा सकता है। यूनियन के सचिव सत्यवान ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में बिजली जैसी आपातकालीन सेवा में आदर्श ऑनलाइन तबादला नीति लागू न करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशानुसार विभागों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को नीति बनाकर नियमित करने और पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गई। उन्होंने रिटायर कर्मचारियों को मेडिकल भत्ता और मेडिकल बिलों का भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग है। कर्मचारियों ने बिजली निगमों में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर सभी कर्मचारियों को तुरंत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने और 7000 रुपए प्रति माह जोखिम भत्ता देने की मांग की। साथ ही, निगमों में कार्यरत सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को 240 दिन पूरे होने पर पक्का करने और जब तक वे पक्के नहीं होते, तब तक समान काम समान वेतन लागू करने की बात कही गई। अन्य मांगों में मेडिकल सुविधा सहित अन्य सुविधाएं लागू करना, सभी बिजली घरों में क्षमतानुसार स्टाफ व सुरक्षा का पूरा प्रबंध करना आदि शामिल है।



हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मानः** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।





'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।


**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्हः** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।

**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वजः** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिताः** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।







कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब:** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक:** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य:** 395 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1
वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।



2
तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3
एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189



1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू


**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शहद सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर



प्रमाण, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**सिरसा।** अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय टोहाना में किया गया, जिसमें जिला सिरसा व फतेहाबाद के विभिन्न कॉलेजों के विज्ञान संकायों की टीमों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए। नेशनल कॉलेज के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि जीएनसी के भौतिक, रसायन, वनस्पति, प्राणी शास्त्र, मनोविज्ञान व भूगोल विषय के विद्यार्थियों ने डॉ. जनकराज, सीमा रानी एवं कर्मवीर कौशिक के कुशल नेतृत्व में अपने रचनात्मक मॉडल्स का प्रदर्शन उक्त विज्ञान प्रदर्शनी में किया।

### सांसद सैलजा 24 को फतेहाबाद के दौरे पर

**फतेहाबाद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा 24 जनवरी शनिवार को फतेहाबाद जिले के दौरे पर रहेंगी। दोपहर 12 बजे सांसद कुमारी सैलजा गांव बनगांव के चौक में आयोजित पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगी। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर और समाप्त करने के प्रयासों के विरोध में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों से सीधा संवाद किया जाएगा।

### फिक्स्ड चार्जिज का निर्णय वापस ले सरकार: वर्मा

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने राज्य सरकार द्वारा गरीब परिवारों पर बिजली बिलों में फिक्स्ड चार्जिज लगाने के निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए इसे अविलंब वापिस लेने की मांग की है। जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने जारी बयान में कहा कि सरकार ने बगैर किसी पूर्व सूचना के चोरी छिपे गरीब परिवारों के बिजली बिलों में फिक्स्ड चार्जिज लगाकर उनकी जेब पर डाका डालने का काम किया है।

### क्लब ने 400 विद्यार्थियों को बांटे ट्रैक सूट

**सिरसा।** लायंस क्लब सिरसा सिटी ने चार गांवों डिंग मंडी, जोधकां, कुकड़थाना व गदली के सरकारी स्कूलों में ट्रैक सूट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप रातुसरिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने लगभग 400 विद्यार्थियों को ट्रैक सूट्स श्री बालाजी स्कूल ड्रेस के सौजन्य से वितरित किए। इस मौके पर प्रदीप रातुसरिया ने कहा कि सर्दी के मौसम में इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं के लिए काफी कारगर साबित होते हैं।

### चोरी के मामले में दो युवक गिरफ्तार, गहने बरामद

**फतेहाबाद।** गांव काजलहेड़ी में एक मकान से गहने चोरी करने के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करण सिंह पुत्र बंसी लाल और सलिंदर पुत्र शंकर लाल निवासी नायक मोहल्ला, आदमपुर, जिला हिसार के रूप में हुई। आरोपियों के पास से दो सेट पायल, पांच चांदी की चुटकी अंगूठियां, एक सेट सोने की झुमके और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। इस मामले में अब तक पुलिस चार युवकों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे धर्मपाल निवासी गांव काजलहेड़ी ने शिकायत दर्ज करवाई।

---

## नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कार्यक्रम, विभिन्न गतिविधियां करवाई

# 'बसंत पंचमी' ज्ञान, विद्या और सृजनशीलता का प्रतीक : पूनम

■ पूर्व छात्र मिलन समारोह ने कार्यक्रम को बनाया यादगार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वीरवार को एलुमीनाई कमेटी द्वारा पूर्व छात्र मिलन समारोह और कलचरल क्लब एवं प्रैस एंड मीडिया कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी त्यौहार मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने किया। उन्होंने पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि यह दिन ज्ञान, विद्या और सृजनशीलता का प्रतीक है। पूर्व छात्रों और छात्राध्यापकों ने बसंत पंचमी के त्यौहार को बडी धूमधाम से मनाया। बीएड प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों ने रंग-बिरंगी पतंगे बनाने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाकर उन्हें नई-2 आकृति देकर बोर्ड और कॉलेज प्रांगण के मैदान में लगे विभिन्न पेड़ों को रंग बिरंगी पतंगों, फूलों व लड़ियों के साथ सजावट की। इसी श्रृंखला में मनोरंजनात्मक गेम्स जैसे बैलून रेस तथा पेपर प्लेन फलाई का आयोजन किया।



सिरसा। बसंत पंचमी पर्व मनाते विद्यार्थी।



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी।

### आदर्श स्कूल में छात्रों ने सुनाई मनमोहक कविताएं



**फतेहाबाद।** गांव दरियापुर स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बसंत पंचमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया, जिसमें प्री प्राइमरी विंग के छात्रों ने भाग लिया। प्री-प्राइमरी के छात्र पीले रंग के कपड़े पहनकर आए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की पूजा से हुई। इसके बाद कुछ छात्रों ने कविताएं सुनाई, जबकि कुछ छात्रों ने सरस्वती वंदना में भाग लिया। कुछ छात्रों ने सांस्कृतिक गीत गाए। इस अवसर पर छात्र पीले रंग के व्यंजन लाए जो बसंत पंचमी के रंग और खुशी को दर्शाता है। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समारोह को सफल बनाया। विद्यालय के निदेशक साहिल मेहता ने बसंत पंचमी के महत्व पर अपने विचार सांझा किए। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है, जो प्रकृति के नवीनीकरण और जीवन की खुशियों का पर्व है। यह पर्व हमें ज्ञान, बुद्धि और संस्कृति के महत्व को समझने की प्रेरणा देता है।

### संगम स्कूल में हुई पतंग बनाओ प्रतियोगिता

**सिरसा।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर वीरवार को गांव भरोखां स्थित संगम स्कूल में पतंग बनाओ प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा बनाई गई रंग-बिरंगी व आकर्षक पतंगों ने पूरे विद्यालय परिसर को बसंती रंग में रंग दिया। विद्यालय के मुख्याध्यापक छगन सेठी ने कहा कि भारतवर्ष तीज-त्योहारों की समृद्ध परंपरा वाला देश है और ऐसे पर्व हमारी संस्कृति से जुडने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि संगम स्कूल में सभी प्रमुख त्योहारों से संबंधित शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का नियमित रूप से आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता विकसित हो सके। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा उनमें आत्मविश्वास की भावना को मजबूत करना रहा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति, रंगों के संयोजन और कलात्मक कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल की भूमिका शीतल मेहता, अंजू तिंहा, कविता सैन एवं कोमल प्रीत तथा भारती मोंगा ने निभाई। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की पतंगों का मूल्यांकन उनकी सुंदरता, रचनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर किया। इस प्रतियोगिता में गुरुनूर सिंह एवं सुखसागर ने प्रथम स्थान, समर जांगड़ा ने द्वितीय, जबकि अमित सोनी और कार्तिक रोज ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।

---



टोहाना। शिविर में स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां देते स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ।

## टीबी एवं स्वास्थ्य शिविर में 112 लोगों की हुई जांच

### नागरिकों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

जिला रेडक्रॉस सोसायटी फतेहाबाद द्वारा आज राजनगर टोहाना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में टीबी एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार एवं सचिव, जिला रेडक्रॉस सोसायटी फतेहाबाद के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध करवाना रहा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार व उनकी टीम ने टीबी जांच के साथ-साथ रक्तचाप, शुगर, वजन एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव तथा उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए समय पर जांच की आवश्यकता पर जोर दिया व आवश्यक दवाईयां भी उपलब्ध करवाई गई। इस जांच शिविर में लगभग 112 मरीजों की जांच की गई।

### डीईओ ने किया शैक्षणिक पार्क का उद्‌घाटन

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरोखां में शैक्षणिक पार्क का उद्‌घाटन जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी ने किया। प्राचार्य वेद रोज ने वेद रोज बताया कि इस पार्क में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल गणित पार्क, कोण के प्रकार, वृत्त के गुण, गणित के सूत्र, त्रिविमीय आकृति आदि इस पार्क के विशेष आकर्षण के केंद्र को देखकर मुख्यातिथि ने स्कूल प्रधानाचार्य, स्कूल स्टाफ की प्रशंसा की तथा बच्चों द्वारा बनाई गई गणित विषय पर आकृतियों को देखकर कहा कि इस पार्क से गणित के विषय के बारे में उल्लेखनीय ज्ञान प्राप्त होगा।

---

## सीडीएलयू ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप में किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय ने पहली बार ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। विश्वविद्यालय की फुटबॉल टीम ने नॉर्थ-वेस्ट जोन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा तथा प्राध्यापक प्रो. ईश्वर मलिक ने बताया कि टूर्नामेंट के दौरान सीडीएलयू की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए उदयपुर विश्वविद्यालय को 6-0 से, जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली को 5-3 से तथा सीकर विश्वविद्यालय, राजस्थान को 2-1 से पराजित किया। इसके उपरांत क्वालीफाइंग मुकाबले में विश्वविद्यालय की टीम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक को 1-0 से हराकर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल चैंपियनशिप में अपना स्थान सुनिश्चित किया।



सिरसा। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में क्वालीफाई करने वाली देविवि की टीम।

### डीएनएचई डिप्लोमा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम 25 को

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा स्थित इग्नू स्टडी सेंटर में आगामी 25 जनवरी को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक डिप्लोमा इन न्यूट्रिशन एंड हेल्थ एजुकेशन कार्यक्रम के संबंध में एक जानकारीपरक सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में इग्नू अध्ययन केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह विद्यार्थियों को कार्यक्रम का उद्देश्य व इग्नू के विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, अध्ययन पद्धति और संसाधनों के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। साथ ही वे उपरोक्त डिप्लोमा की पात्रता, पाठ्यक्रम संरचना, अवधि, प्रवेश प्रक्रिया एवं भविष्य में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

## डॉग स्क्वॉड संग चलाया सर्च अभियान

### नशा तस्करों पर पुलिस की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



टोहाना। सर्च अभियान चलाती पुलिस टीम।

जिला पुलिस द्वारा अपराधियों और नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गुरुवार को टोहाना की ढाब बस्ती, किला मोहल्ला और चूहड़पुर गांव में डॉग स्क्वॉड व कमांडो टीम की मदद से विशेष सर्च अभियान चलाया। जाखल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि चूहड़पुर गांव में संदिग्ध स्थानों पर गुप्त सूचना के आधार पर तलाशी ली गई। पुलिस ने संभावित नशीले पदार्थ और अवैध गतिविधियों की पहचान के लिए संवेदनशील इलाकों और गलियों में सघन जांच की। थाना शहर टोहाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि ढाब बस्ती और किला मोहल्ला क्षेत्र में अभियान के दौरान डॉग स्क्वॉड और कमांडो टीम की मदद ली गई, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस टीम ने इलाके में निगरानी बढ़ाते हुए स्थानीय लोगों से बातचीत कर नशे के खिलाफ जागरूक किया और नशा बेचने या पिलाने वालों के संबंध में जानकारी देने की अपील की।

---

### सावधानः कैप्चा पर क्लिक करना पड़ सकता है महंगाः एसपी

**सिरसा।** साइबर अपराधी लोगों को चूना लगाने के लिए नित नए-नए तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं। एसपी दीपक सहारण ने बताया कि इन दिनों कैप्चा कोड के जरिए साइबर अपराधी लोगों के साथ बड़ा स्कैम कर रहे है। उन्होंने कहा कि आपने भी कई बार गूगल पर कुछ सर्च करते समय कैप्चा कोड वेरिफाई करने के लिए प्रॉम्प्ट देखा होगा, जिस पर क्लिक करने के बाद आपको 'आई एम नॉट ए रोबोट' वाला एक ऑप्शन मिलता है। जैसे ही आप लिंक पर क्लिक करते हो तो आपको आगे बढने के लिए कुछ स्टेप्स को फॉलो करने के लिए कहता है। साइबर अपराधी अब इस तरह के कैप्चा कोड के जरिए लोगों को चूना लगा रह हैं। साइबर क्रिमिनल्स असली की जगह नकली कैप्चा कोड डालकर यूजर्स के फोन या कम्प्यूटर में मेलवेयर यानी वायरस मैसेज भेज रहे हैं।

## पार्सल डिलीवरी स्कैम से रहें सावधान : एसपी

### ऑनलाइन शॉपिंग की आड़ में ठगी का नया जाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। एसपी सिद्धांत जैन।

आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन शॉपिंग और कूरियर सेवाएं हर घर की सामान्य आवश्यकता बन चुकी हैं। लोग मोबाइल ऐप्स और वेबसाइट्स के माध्यम से सामान मंगवाते हैं, लेकिन इसी सुविधा का फायदा उठाकर साइबर अपराधी भोले-भाले नागरिकों को ठगने में लगे हुए हैं। हाल ही में देशभर में पार्सल डिलीवरी स्कैम के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें लोग लाखों रुपये गवां बैठे। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की है। एसपी ने कहा कि इस स्कैम में ठग खुद को कूरियर एजेंट्स, कस्टम अधिकारी या विदेशी मित्र बताकर दावा करते हैं कि आपके नाम से विदेश से कोई महंगा गिफ्ट आया है। कभी-कभी इसमें सोना, हीरे-जवाहरात, नकद राशि या महंगे ब्रांडेड सामान का लालच दिया जाता है। इसके बाद कॉल, ईमेल या व्हाट्सएप संदेश भेजकर यह बताया जाता है कि पार्सल एयरपोर्ट के कस्टम विभाग में फंसा है और उसे छुड़ाने के लिए तुरंत टैक्स या शुल्क चुकाना होगा। शुरुआत में मामूली रकम मांगी जाती है, लेकिन एक बार भुगतान करने के बाद लगातार नए-नए चार्जेज की मांग शुरू हो जाती है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐसे स्कैम में ठग लालच और डर दोनों का इस्तेमाल करते हैं। वे कभी महंगे उपहार का लालच देकर तो कभी कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर पीड़ित पर दबाव बनाते हैं। इस तरह की ठगी के मुख्य संकेत हैं, अनजान नंबर या ईमेल से गिफ्ट संदेश आना। केवल यूपीआई या ई-वॉलेट से पेमेंट की मांग होना।

### सतर्क रहना जरूरी

एसपी ने कहा कि ऐसे मामलों में सबसे महत्वपूर्ण है सतर्क रहना। किसी भी अनजान कॉलए ईमेल या लिंक पर भरोसा न करें और भुगतान से पहले पूरी तरह पुष्टि करें। यदि वास्तव में कोई पार्सल विदेश से आया हो तो केवल अधिकृत वेबसाइट या कंपनी के कस्टमर केयर से ही संपर्क करें। व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार, पैन, बैंक अकाउंट नंबर या ओटीपी साझा न करें। इसके अलावा मोबाइल और ईमेल खातों पर टू.फैक्टर ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करें और किसी भी दबाव में आकर तुरंत भुगतान करने से बचें। यदि कोई नागरिक इस तरह के स्कैम का शिकार हो जाए तो तुरंत निकटतम थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

## दो अवैध पिस्तौल और हेरोइन सहित पांच काबू

### गांव कंवरपुरा ताजियाखेड़ा रोड पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

पुलिस ने दो युवकों को अवैध पिस्तौल सहित सिरसा जिले के डिंग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एवीबीटी स्टाफ पुलिस टीम प्रभारी गुरमेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव कंवरपुरा ताजियाखेड़ा रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान गांव ताजियाखेड़ा की तरफ से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा। पुलिस ने आरोपी युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव ताजियाखेड़ा निवासी संदीप कुमार के रूप में हुई है। इसके अलावा पुलिस टीम ने गांव कंवरपुरा क्षेत्र से संयज को 32 बोर के अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस सहित काबू किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना डिंग में मामला दर्ज कर किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने जिले क्षेत्र से तीन युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सिरसा के लॉर्ड शिवा कॉलेज की तरफ जा रही थी। दो युवक सड़क पर खड़े दो जो कि पुलिस को देखकर खिसकने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू कर लिया।

---

## पूर्व छात्रा शर्मिला व कविता का स्कूल प्रबंधन ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। पूर्व छात्राओं का स्कूल प्रबंधन स्वागत करते हुए।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोधपुरिया की पूर्व छात्रा शर्मिला व कविता का सरकारी सेवाओं में चयन होने के बाद स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा दोनों छात्राओं का स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य मंजू कासनियां ने सम्मानसूचक पगड़ी पहनाकर दोनों छात्राओं को सम्मानित किया। अंग्रेजी प्रवक्ता रमेश सुथार ने बताया कि शर्मिला का चयन एसएससी के पद पर हुआ है तो वहीं कविता का चयन 4जी ग्रेड राजस्थान अधिकारी के तौर पर हुआ है। उन्होंने बताया कि दोनों छात्राएं पढ़ाई में सदैव अग्रणी रही हैं। कुमारी शर्मिला ने विद्यालय के दिनों को याद करते हुए अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि सभी बच्चे अपने गुरुजनों का आदर करें और मन लगाकर पढ़ाई करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। इसी स्कूल की अन्य पूर्व छात्रा कविता ने बताया कि इनका जीवन कठिन संघर्षों से गुजरा है, इनके पति का 2021 में कोरोना काल में आकस्मिक निधन हो गया था, जिसके कारण इनका जीवन अंधकारमय हो गया, परन्तु इन्होंने बिना थके, बिना रुके लगातार अथक परिश्रम करते हुए सोशल मीडिया से दूर रह कर 10 से 12 घंटे तक सेल्फ स्टडी करके आज जो मुकाम हासिल किया है।

## जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए अभियान जारी

# लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भट्टूकलां

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत वीरवार को महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने अपनी सहयोगी कांस्टेबल सरोज के साथ भट्टू में मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल में चल रहे शिविर में बच्चों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे व पोर्टल के बारे में बताया गया। इसके अलावा भट्टूकलां थाना प्रभारी राधे श्याम के साथ भट्टूकलां में जागरूकता गतिविधियां संचालित कीं। अभियान के दौरान थाना के सहयोग से भट्टूकलां एरिया के गुरुद्वारों के ग्रंथी, पंडित, पैलेस के प्रबंधक, धर्मशाला के संचालक, कैटरिंग वाले, डीजे साउंड वाले एवं फोटोग्राफरों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें निर्देश दिए गए कि आगामी विवाह आयोजनों से पूर्व दूल्हा व दुल्हन की आयु से संबंधित दस्तावेजों की पूरी जांच करें तथा जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल प्रमाण पत्र के आधार पर ही आयु सत्यापित करें, केवल आधार कार्ड के आधार पर आयु न मानें। साथ ही दस्तावेजों की एक-एक प्रतिलिपि अपने रिकॉर्ड में सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए।



फतेहाबाद। बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत जागरूक करते अधिकारी।

### कानून की अवहेलना पर होगी कार्रवाई

आदेशों की अवहेलना करने पर कानून के अनुसार कार्रवाई किए जाने की जानकारी भी दी गई। महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने बताया कि यदि किसी विवाह में आयु कम पाई जाती है तो इसकी सूचना तुरंत 112, 181 या 1098 पर दी जा सकती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बाल विवाह में किसी भी प्रकार की भूमिका निभाने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। इस अवसर पर सभी को बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल की जानकारी भी दी गई। बाल विवाह के दुष्प्रभावों को विस्तार से समझाया गया, ताकि फतेहाबाद जिले को पूर्ण रूप से बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप


सिरसा। नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन पर छात्रों का अभिनंदन

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरोखां की छात्रा श्वेता व छात्र यश फ्रंड का चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। छात्रा श्वेता का नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली अंडर-17 सॉफ्ट बॉल नेशनल चैंपियनशिप तथा छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली अंडर-14 सॉफ्ट बॉल नेशनल चैंपियनशिप में 9वीं कक्षा का छात्र यशफ्रंड का चयन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। स्कूल के प्राचार्य वेद रोज ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों की सफलता डीपीई देव कंबोज के कड़े परिश्रम का परिणाम है।

### वृक्षों के रक्षार्थ महापड़ाव में बिश्नोई समाज आएगा आगे

**सिरसा।** बिश्नोई समाज द्वारा वृक्षों के रक्षार्थ बीकानेर में महापड़ाव व धरने को लेकर प्रधान खेमचंद बेनीवाल की अध्यक्षता में बिश्नोई सभा की बृहस्पतिवार को विशेष बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 2 फरवरी को वृक्षों के रक्षार्थ बिश्नोई समाज द्वारा बीकानेर में दिए जाने वाले महापड़ाव व धरना प्रदर्शन में जिला सिरसा के बिश्नोईजन भी बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे तथा पूर्व राजस्थान विधायक फरसराम बिश्नोई की अगुवाई में हिसार, फतेहाबाद के रास्ते आगामी 24 जनवरी को बिश्नोई मंदिर, सिरसा में पहुंचने वाली रैली में स्थानीय लोग भी पहुंच कर आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे।

### संगोष्ठी में छात्रों को दी साक्षात्कार की जानकारी

**सिरसा।** माता हरकी देवी महिला महाविद्यालय ओढ़ा में साक्षात्कार कौशल पर संगोष्ठी वाणिज्य एवं अंग्रेज़ी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में साक्षात्कार से संबंधित आवश्यक कौशल विकसित करना और उन्हें व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना था। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. शशिकांत शर्मा ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार की तैयारी, आत्मविश्वास, प्रभावी संप्रेषण कौशल, शारीरिक भाषा, समय प्रबंधन और सामान्य साक्षात्कार प्रश्नों पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया।

### दुकान का शटर उखाड़ कर नगदी चुराई

**सिरसा।** चोरों ने शहर के चावला टेंट हाउस में बीती रात वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान का शटर तोडक़र करीब 25 से 30 हजार रुपए की नकदी के साथ एक चांदी की चेन चोरी कर फरार हो गए। दुकान मालिक रोहित चावला ने बताया कि सुबह जब वे दुकान पर पहुंचे तो शटर टूटा हुआ मिला। अंदर जांच करने पर नकदी और चांदी की चेन गायब पाई गई। उन्होंने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## पुलिस-वकीलों में नहीं निपट रहा गाड़ी पार्किंग का विवाद

# वकीलों के धरने को लेकर इनेलो नेता ने दिया समर्थन, एसपी से की मुलाकात

■ वकीलों के आत्मसम्मान और न्याय की लड़ाई में इनेलो उनके साथ : सुनैना चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। वकीलों के धरने को संबोधित करते सुनैना चौटाला। फोटो : हरिभूमि

फतेहाबाद में पुलिस और वकीलों के बीच गाड़ी पार्किंग को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। वकील जहां चार दिनों से वर्क सस्पेंड कर कोर्ट काम्पलैक्स के गेट पर धरना दिए बैठे हैं वहीं पुलिस द्वारा किए जा रहे समझौते के तमाम प्रयास सिरे नहीं चढ़ पा रहे हैं। वकीलों के धरने को अब राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिलने लगा है। आज इनेलो महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला वकीलों के धरने पर पहुंची और उनके आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने वकीलों के साथ हुए दुव्यर्वहार की कड़े शब्दों में निंदा की। इसके बाद सुनैना चौटाला एसपी सिद्धांत जैन से भी मुलाकात की और मामले के जल्द निपटारे की मांग की। इसके अलावा युवा कांग्रेस नेता आनंदवीर गिलांखेड़ा ने भी वकीलों को समर्थन दिया। धरने पर बैठे वकीलों को समर्थन देते हुए सुनैना चौटाला ने कहा कि आज जिन्हें लोगों की लड़ाई लडऩे के लिए चुना गया है, आज वही वकील समाज अपनी लड़ाई लडऩे के लिए सडक़ों पर धरना देकर बैठने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि इस विवाद को निपटाना एसपी की जिम्मेवारी है क्योंकि इस लड़ाई का सबसे बड़ा नुकसान आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। हर दिन कोर्ट में आम जनता न्याय के लिए आती है लेकिन अदालतों में कामकाज ठप्प होने से लोग परेशान है। लोगों की परेशानियों के बावजूद पुलिस प्रशासन अपना जिद्द पर अड़ा है। उन्होंने कहा कि कोई भी बात जोर-जबरदस्ती से नहीं, समझदारी से सुलझाई जाती है लेकिन पुलिस इस मामले को निपटाने को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में कानून व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान लगता जा रहा है। उन्होंने जिला पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि वह पुलिस का सम्मान करते हैं लेकिन आज एसपी की जिम्मेवारी हैं कि वह इस मंच को राजनीतिक न बनने दें लेकिन अगर वकीलों को न्याय नहीं मिला और पुलिस प्रशासन जिद्द पर अड़ा रहा तो राजनीतिक दलों को हस्तक्षेप करते हुए धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा क्योंकि यह वकीलों के आत्मसम्मान और न्याय की लड़ाई है। उन्होंने वकीलों को विश्वास दिलाया कि न्याय की इस लड़ाई में जहां भी जरूरत होगी, इनेलो उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी नजर आएगी। उन्होंने वकीलों की एकता को उनकी सबसे बड़ी जीत बताया। इस अवसर पर इनेलो जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली, हलका प्रधान अंगद ढिंगसरा, टोहाना हलका प्रधान प्रेम सिंह कन्हड़ी, इनेलो नेता हरि सिंह, सुधीर एडवोकेट, अनिल सक्सेना, भागीराम सोनी जिला प्रधान बीसी सैल, सुमनलता सिवाच, राजेश शर्मा, सुशीला पिलानियां सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### क्या है पूरा मामला

बता दें कि सोमवार को कोर्ट परिसर की पार्किंग में कार खड़ी करने को लेकर डीएसपी जगदीश काजला के रीडर मुकेश कुमार का सिक्योरिटी गार्ड गुल्लू के साथ विवाद हो गया था। पुलिस कर्मचारी गाड़ी लेकर आया और कोर्ट में वकीलों के लिए बने पार्किंग में अपनी गाड़ी खड़ी करने लगा। यहां पार्किंग को लेकर डीएसपी के रीडर और कर्मचारी गुल्लू के बीच पहले कोई बातचीत हुई और बाद में विवाद बढ़ गया। इसके बाद बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान नरेश सोनी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कारण पूछा तो पुलिसकर्मी के साथ उनकी बहस हो गई। वकीलों का आरोप है कि पुलिसकर्मी ने वकीलों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अप्य वकील भी मौके पर एकत्र हो गए और वर्क सस्पेंड की घोषणा कर दी। इसके बाद नाराज वकीलों ने कोर्ट में धरना शुरू कर दिया था।

### वकीलों ने की एसपी के तबादले की मांग

नाराज वकील अब आरोपी पुलिस कर्मचारी पर कार्रवाई के साथ एसपी के ही तबादले की मांग उठाने लगे हैं। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान विनय शर्मा ने कहा कि सरकार को एसपी का तबादला कर देना चाहिए। वकीलों के सम्मान को ठेस पहुंचाई है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाधान निकालने के लिए वकीलों के धरने पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन को ठोस आश्वासन देना चाहिए, मगर ऐसा नहीं किया गया है।


फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए एसडीएम राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर, पीपीपी से जुड़ी शिकायतें अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ सोमवार को लागाया जा रहा समाधान शिविर

एसडीएम राजेश कुमार ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनी। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों में न जाना पड़े। एसडीएम ने बताया कि फतेहाबाद जिले में जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर हर सप्ताह सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे हैं। नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविरों का फायदा उठाएं। समाधान शिविर में हंस कॉलोनी निवासी शिव राज ने पीपीपी आईडी अलग करवाने, धांगड़ निवासी अजय कुमार ने पीपीपी आईडी में बैंक खाता वेरिफाई करवाने, मेहूवाला निवासी बंसी लाल, रामसरा निवासी रमेश कुमार, ढिंगसरा निवासी जीत कौर व बलबीर सिंह ने पीपीपी आईडी में आय कम करवाने, रागिनी देवी व दहमन निवासी सुशीला देवी ने विधवा पेंशन बनवाने, रत्ता टिब्बा निवासी अर्जुन कुमार ने पीपीपी आईडी में सुधार कर आय कम करवाने, भोडिया खेड़ा निवासी सज्जन ने पीपीपी आईडी में वार्षिक आय रि-वेरिफाई कर ठीक करवाने तथा भूथन खुर्द निवासी बिमला देवी ने पीपीपी आईडी में गलत आय दर्ज होने के कारण काटी गई बुढ़ापा पेंशन दोबारा चालू करवाने आदि संबंधित शिकायतें रखी गई। इस अवसर पर डीडीपीओ अनूप सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली, टीएम सुरेन्द्र सिंह, एआईपीआरओ नरेन्द्र सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


फतेहाबाद। गांव भिरड़ाना स्थित श्री ब्रह्मचारी महाराज की कुटिया में पहुंचे सुदेश कटारिया का स्वागत करते सोसायटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### भिरड़ाना में ब्रह्मचारी महाराज की कुटिया में पहुंचे सुदेश

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा संत शिरोमणी गुरू रविदास जयंती 31 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर कुरूक्षेत्र में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के चीफ मीडिया कोआर्डिनेटर सुदेश कटारिया को विशेष जिम्मेवारी सौंपी गई है। कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए सुदेश कटारिया गांव भिरड़ाना स्थित श्री ब्रह्मचारी जी महाराज की कुटिया में पहुंचे। यहां पहुंचने पर श्री ब्रह्मचारी जी महाराज वेलफेयर सोसायटी भिरड़ाना के प्रधान एवं पेट्रोलियम एसोसिएशन फतेहाबाद के उपप्रधान सुखदेव कालापीला के नेतृत्व में सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

### जिला स्तरीय तीरदांजी प्रतियोगिता 24 को रॉयल स्कूल बहबलपुर में

**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय तीरदांजी प्रतियोगिता 24 जनवरी को रॉयल स्कूल बहबलपुर में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि हरियाणा तीरंदाजी संघ के सहसचिव स्वर्ण सिंह होंगे व अध्यक्षता मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज, बहबलपुर के चेयरमैन डॉ. हरमिन्द्रर सिंह करेंगे। इस प्रतियोगिता में जिले भर से खिलाड़ी भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए स्वर्ण सिंह ने बताया कि इस जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता मे 10 वर्ष, 13 वर्ष, 15 वर्ष, 20 वर्ष और 20 से ज्यादा आयु के खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें किसी भी स्कूल, कॉलेज या यूनिवर्सिटी का छात्र, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का इच्छुक हो या ओलंपिक में भाग लेने की इच्छा रखता हो, अपना रजिस्ट्रेशन 23 जनवरी तक करवा सकते है।

## पं. जसराज जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह 2 को

■ तैयारियों का भाजपा नेताओं और अधिकारियों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। गांव पीलीमंदोरी में राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों का जायजा लेते भाजपा नेता व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान गायक, पद्म विभूषण पंडित जसराज की जयंती के अवसर पर 2 फरवरी को उनके पैतृक गांव पीलीमंदोरी में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह की की तैयारियों को लेकर वीरवार को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, पूर्व विधायक दुड़ाराम, कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने गांव का दौरा किया और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने समारोह स्थल, हेलीपेड तथा पार्किंग स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंच व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, सुरक्षा प्रबंध, यातायात व्यवस्था, पेयजल, बिजली, स्वच्छता एवं आपातकालीन सेवाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि पंडित जसराज जयंती समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ पंडित जसराज के संगीत योगदान को स्मरण किया जाएगा।

### सभी व्यवस्थाएं हों पूरी

भाजपा नेताओं ने कहा कि पंडित जसराज भारतीय शास्त्रीय संगीत की अमूल्य धरोहर हैं, जिनकी साधना ने भारत को विश्व मंच पर गौरवान्वित किया। उनका पैतृक गांव पीलीमंदोरी ऐसी महान विभूति की जन्मभूमि होना अपने आप में गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि पंडित जसराज की जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन नई पीढ़ी को उनकी संगीत विरासत से जोडने का सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों और अतिथियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं।


फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में मुख्य वक्ता को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। फोटो : हरिभूमि

### क्रेसण्ट स्कूल में 'मोबाइल से मुक्ति, प्रकृति से मित्रता' को लेकर किया जागरूक

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं विचारोत्तेजक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के अत्यधिक आकर्षण से दूर कर, उन्हें ईश्वर, प्रकृति एवं पुस्तकों से जोडऩा था। यह सत्र जीएलए यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा से आए सिद्धार्थ पन्नू द्वारा बहुत ही सरल, प्रभावशाली एवं आत्मीय शैली में संचालित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के सीमित एवं संतुलित उपयोग के लिए सुझाव दिए। अपने संबोधन में उन्होंने इस संसार की सर्वोच्च शक्ति ईश्वर को समय देने, प्रकृति के सान्निध्य में रहने एवं पुस्तकों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

## सूर्य नमस्कार अभ्यास से ही आएगी सबके जीवन में खुशहाली : आयुष

■ सनियाना स्पोर्ट्स नर्सरी में युवाओं को बताए सूर्य नमस्कार से होने वाले स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। सनियाना स्पोर्ट्स नर्सरी में सूर्य नमस्कार करते युवा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार व हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे मासिक सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण अभियान के दौरान आयुष योग सहायक रवि कुमार गांव सनियाना पहुंचे। यहां उन्होंने स्पोर्ट्स नर्सरी में ग्रामीणों को सूर्य नमस्कार अभ्यास का प्रशिक्षण करवाते हुए इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा व योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में काफी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। सूर्य नमस्कार अभ्यास का प्रशिक्षण देते हुए रवि कुमार ने बताया कि सूर्य नमस्कार सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम है। इसके अभ्यास से शरीर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और जोड़ों में लचीलापन आता है। यह रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ रखता है तथा शरीर की कार्यक्षमता बढ़ाता है। नियमित अभ्यास से पाचन तंत्र सुधरता है, जिससे कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार वजन नियंत्रित रखने में सहायक है और शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करता है।

### जिले के शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में मिल रहीं मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत फतेहाबाद जिले में संचालित सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर आम जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. भारत सिंह ने बताया कि इन सभी केंद्रों पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लिया जा सकता है। जिले में वर्तमान में 4 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह सक्रिय हैं, जिसमें यूपीएचसी अशोक नगर फतेहाबाद, यूपीएचसी रतिया वार्ड नंबर 5, यूपीएचसी राज नगर टोहाना तथा यूपीएचसी भूना शामिल है। इसके अतिरिक्त, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 5 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी जनता की सेवा में कार्यरत हैं। इन सभी केंद्रों पर आने वाले मरीजों को सभी आवश्यक दवाइयां और लैब जांच की सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।


फतेहाबाद। धार्मिक प्रकोष्ठ कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पदाधिकारी।

### ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के अध्यक्ष बने चन्द्रशेखर

**फतेहाबाद।** ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के धार्मिक प्रकोष्ठ की बैठक महिला जिला प्रधान डॉ. सुमन बजाज की अध्यक्षता में चार मरला कालोनी स्थित गौरी शंकर मंदिर में हुई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ विशेष रूप से मौजूद रहे। आमंत्रित सदस्य के रूप में सचिव अजय मेहता, उपप्रधान सुषमा सेठी, महिला विंग जिला सचिव भारती अरोड़ा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ से सलाह मशवरा करके संस्थापक सूर्यवंशी कमल हाणडा के दिशा निर्देशों पर फतेहाबाद जिले में धार्मिक प्रकोष्ठ का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में गौरीशंकर मंदिर के पुजारी पंडित चन्द्रशेखर मिश्रा को धार्मिक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष चुना गया।

**कार्यक्रम** विद्यार्थियों को निर्भीक, निष्पक्ष और जिम्मेदारीपूर्ण मतदान की शपथ दिलाई

## मतदाता विवेक से मतदान कर लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में भूमिका निभाएं: डा. रविंद्र

ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग में वोटर्स डे पर फूलों की रंगोली बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के नोडल ऑफिसर इलेक्शन डा. रविंद्र ने कहा कि मतदाताओं को अपने विवेक के हिसाब से मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। डा. रविंद्र गुरुवार को सीडीएलयू में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न राजनैतिक सिद्धांतों एवं उनके वर्तमान परिपेक्ष्य पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान रंगोली व निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का निर्भीक, निष्पक्ष एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने की शपथ दिलवाई गई। राजनैतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजबीर दलाल व इतिहास विभाग की डॉ. नीलम ने चुनाव प्रक्रिया एवं लोकतंत्र की इतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग में वोटर्स डे के उपलक्ष्य में फूलों की रंगोली बनाई गई। नोडल अधिकारी डा. रविंद्र ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को लोकतंत्र की मजबूती में उनकी भूमिका से अवगत कराना तथा उन्हें सक्रिय और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे मतदान को केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य समझकर प्रयोग करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने तथा संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया।

### मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में नशा और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनोवैज्ञानिक एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रविंद्र पुरी ने कहा कि नशे के कारण अवसाद, चिंता, चिड़चिड़ापन, स्मृति ह्रास तथा अन्य गंभीर मानसिक रोग उत्पन्न हो सकते हैं। उन्होंने युवाओं को पीयर प्रेशर, तनाव और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से सचेत रहने की सलाह दी और कहा कि नशा एक इलाज योग्य समस्या है, जिससे सही समय पर परामर्श, परिवार के सहयोग और सकारात्मक जीवनशैली अपनाकर पूरी तरह मुक्ति पाई जा सकती है। इस अवसर पर डॉ. सुरेश, डॉ. ज्योति, डॉ. सुखमीत, तरविंदर कौर, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी तथा शोधार्थी भी उपस्थित रहे।


सिरसा। गणतंत्र दिवस की रिहर्सल करते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### मंत्री विपुल गोयल सिरसा में फहराएंगे तिरंगा

■ गणतंत्र दिवस समारोह की 24 को होगी फुल ड्रेस रिहर्सल

**सिरसा।** जिला व उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विपुल गोयल कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार मुख्यअतिथि होंगे। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जहां एक ओर स्कूली बच्चे सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए निरंतर अभ्यास कर रहे हैं, वहीं मार्च पास्ट, परेड व झांकियों की तैयारियां की जा रही हैं। 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का जिला स्तरीय आयोजन शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा में किया जाएगा। इसके लिए स्टेडियम में 24 जनवरी को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी तैयारियां निरंतर जारी हैं। डबवाली में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में एसडीएम डबवाली अर्पित संगल, ऐलनाबाद में प्रवीण पोपली मेयर हिसार तथा कालांवाली उपमंडल में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में सोनू सिहाग चेयरमैन जिला परिषद हिसार बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे।

### आप नेता कमल बिसला के दादा निहाल सिंह का निधन



**फतेहाबाद।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं फतेहाबाद विधानसभा से पार्टी उम्मीदवार रहे कमल बिसला के दादाजी रिटायर्ड हैडमास्टर चौधरी निहाल सिंह बिसला का गत दिवस स्वर्गवास हो गया। उनके निधन पर अनेक सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं ने शोक जताया है। बता दें कि निहाल सिंह बिसला वर्ष 2001 में गांव जांडवाला बागड़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से हैडमास्टर के पद से रिटायर हुए थे। अपने अध्यापन कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी। हैडमास्टर के तौर पर उनकी पहचान एक कुशल प्रशासक, बेदाग, सख्त और प्रभावी हैडमास्टर की रही। अपने कार्यकाल के दौरान हजारों विद्यार्थियों को उन्होंने शिक्षा दी और उन में से अनेक विद्यार्थी आज बड़े-बड़े पदों पर हैं और समाज में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।